जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल स्वच्छता समिति की पेयजल योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक दिनांक 25.03.2026 का कार्यवृत्त

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 25.03.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न हुयी । बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण, डी.सी. डीपीएमयू सहित कार्यदायी संस्था जी.ए. इन्फ्रा के परियोजना प्रबन्धक तथा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे ।

बैठक में समीक्षा के दौरान दिये गये मुख्य निर्देश निम्नवत् हैः—

बिन्दु संख्या :— 01

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में 02 कार्यदायी संस्था क्रमशः वेलस्पन एवं जी.एन. इन्फ्रा कार्य कर रही है । कार्यदायी संस्था वेल्स्पन एवं जी.एन. इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति निम्नवत् है :—

वेलस्पन इन्टरप्राइजेज लिमिटेड—

Sl.No.	Item	Scope	Completed	Work in Progress
1	Tubewell	263	259	4
2	Pump House	263	253	10
3	Chlorination	263	223	40
4	Solar	259	198	61
5	ESR	263	59	204
6	Pipeline (Km.)	3950.25	3922	30
7	FHTC	160069	111743	49294
8	Har Ghar Jal	752	43	707

जी0ए0 इन्फ्रा—

Sl.No.	Item	Scope	Completed	Work in Progress
1	Tubewell	136	135	0
2	Pump House	136	132	3
3	Solar	121	119	2
4	OHSR	136	126	9
5	Pipeline (Km.)	1561	1514	47
6	FHTC	54024	52446	1578
7	Har Ghar Jal	244	73	171

समीक्षा के दौरान पाया गया कि गत माह के सापेक्ष वर्तमान माह में प्रगति अत्यन्त न्यून है, कई इंडीकेटर्स में वर्तमान माह में प्रगति हुयी ही नहीं है । जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत दोनों कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि वे अवशेष कार्य अतिशीघ्र मानक के अनुसार पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करायें। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लक्षित कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण किये जाने हेतु अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया ।

कार्यवाही :— अधिशासी अभियन्ता जल निगम /नामित एजेन्सी।

बिन्दु संख्या :— 02

उक्त के अनुपालन में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि गोपीपुर, कांशीरामपुर, मवैयाहरदोपट्टी, पुरेविश्वनाथ, सिकीचौरा, चकलूटी, सरायजगदीश, मैलौना में एच0टी0 लाईन शिफ्टिंग कराये जाने का कार्य अवशेष है। जिसमें अधिशासी अभियंता जल निगम

ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे अधिशासी अभियंता, विद्युत से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर एच.टी. विद्युत लाईन शिफ्ट कराये जाने का कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करायें ।

कार्यवाही :– अधिशासी अभियन्ता जल निगम/अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग

बिन्दु संख्या :– 03

अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद भदोही के 546 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 247 ग्राम पंचायत (452 राजस्व ग्रामों) में नियमित जलापूर्ति करायी जा रही है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया गया कि नियमति जलापूर्ति की जा रही ग्राम पंचायत/राजस्व ग्रामों की सूची समस्त विकास अधिकारी को उपलब्ध कराते हुये सत्यापन कराया जाना सुनिशिचित करें।

कार्यवाही :– अधिशासी अभियन्ता जल निगम/समस्त खण्ड विकास अधिकारी

बिन्दु संख्या :– 04

अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अगवत कराया गया कि जनपद में हर घर जल, जल सेवा आंकलन एवं नल जल मित्र की प्रगति धीमी है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण का निर्देशित किया गया गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रगति बढाना सुनिशिचित करें।

कार्यवाही :– अधिशासी अभियन्ता जल निगम/जिला पंचायतराज अधिकारी।

अतः सभी संबंधित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए अनिवार्य रूप से 03 दिन के भीतर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करना सुनिशिचित करें।

Digitally signed by
Shailesh Kumar
Date: 01-04-2026
19:54:41

(जिलाधिकारी)
भदोही।

Digitally signed by
BALGOVIND SHUKLA
Date: 01-04-2026
15:26:51

कार्यालय जिलाधिकारी भदोही।

पत्रांक 1355/ कार्य-33 / 04 दिनांक 4/4/2026

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य विकास अधिकारी भदोही।
2. जिला पंचायत राजअधिकारी भदोही।
3. अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग ज्ञानपुर, भदोही।
4. समस्त खण्ड विकास अधिकारी भदोही।
5. समस्त अन्य संबंधित अधिकारीगण को इस आशय से प्रेषित कि अपेक्षित बिन्दुओं का अनुपालन सुनिशिचित करते हुए अनुपालन आख्या प्रत्येक दशा में 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें।

(जिलाधिकारी)
भदोही।